कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र श्री मदनलाल जी मिश्रा ठेकेदार मिश्रा सदन पंचायत समिति रोड दौसा जिला दौसा–303303

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा
अपील सं0 12/2020

निर्णय

दिनांक : 02.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/756 दिनांक 04.03.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लॉकडाउन के कारण कार्यवाही लम्बित रहने के पश्चात आज पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा ने अपने पत्रांकःपीए/एफ–42/आर.टी.आई. /2020/7620 दिनांक 02.06.2020 के द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना उनके पत्रांकःपीए/एफ–42/आर.टी.आई./2020/4744 दिनांक 19.02.20 द्वारा आवेदक को दे दी गई है। उक्त पत्रांक 4744 के संलग्न पत्रांक पीए/एफ–8/मि.ब्र./2020/4588 दिनांक 07.02.2020 छायाप्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा